**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**27 जुलाई 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्व व्यक्त किया कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ प्रगति कर रहा है

**आकाशवाणी** से **मन की बात** कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने लोगों से भारत में बने उत्पादों को खरीदने और बेचने का आग्रह किया

श्री मोदी ने कहा है कि आत्म निर्भरता से ही 2047 में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मन की बात कार्यक्रम" को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया

हरियाणा सरकार द्वारा ली गई सामान्य पात्रता सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई

------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।

आज **आकाशवाणी** से **मन की बात** कार्यक्रम में, उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया।

प्रधानमंत्री ने बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए शुरु किए गए **एन्सपायर-मानक** अभियान के बारे बताया।

आगामी 23 अगस्त को मनाए जाने वाले **राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस** के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से अपील की कि वे **नमो ऐप** के ज़रिए नया आइडिया साझा करें कि यह दिवस कैसे मनाया जाए।

उन्होंने कहा कि पांच साल पहले, देश में अंतरिक्ष से जुड़े 50 से भी कम स्टार्ट-अप थे जो आज दो सौ से ज़्यादा हो गए हैं।

प्रधानमंत्री ने कुछ ही दिन पहले, **अंतरराष्ट्रीय रसायन-शास्त्र ओलंपियाड** में पदक जीतने वाले छात्रों की चर्चा की ।

प्रधानमंत्री ने बताया कि अगले महीने मुंबई में, खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी ओलिंपियाड का आयोजन होगा।

प्रधानमंत्री ने गर्व व्यक्त किया कि **यूनेस्को** ने 12 मराठा किलों को **विश्व धरोहर स्थल** घोषित किया है। श्री मोदी ने कहा कि इनमें से हर किले से इतिहास का एक-एक पन्ना जुड़ा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगस्त का महीना क्रांति का महीना है। उन्होंने 18 वर्ष के क्रांतिकारी खुदीराम बोस के साहस की प्रशंसा की जो 11 अगस्त,1908 को हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। प्रधानमंत्री ने कहा -

श्री मोदी ने कहा कि देश के दीवानों ने अपने रक्त से आज़ादी के आंदोलन को सींचा था और अनगिनत बलिदानों के बाद देश को आज़ादी मिली थी।

प्रधानमंत्री ने हरियाली तीज और इस महीने मनाए जाने वाले त्योहारों के लिए लोगों को शुभकामनाए दी।

प्रधानमंत्री ने स्वदेशी आंदोलन की चर्चा की जो 7 अगस्त,1905 को शुरु हुआ था। इस आंदोलन ने स्थानीय उत्पादों और ख़ासकर हथकरघा क्षेत्र को नई ऊर्जा दी थी। हर साल 7 अगस्त को **राष्ट्रीय हथकरघा दिवस** मनाया जाता है।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस समय देश में तीन हज़ार से अधिक कपड़ा स्टार्ट-अप सक्रिय हैं जो वैश्विक स्तर पर हथकरघा के क्षेत्र में भारत की पहचान को बढ़ावा दे रहे हैं।

श्री मोदी ने कहा कि 2047 तक को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्म निर्भरता ज़रूरी है और आत्मनिर्भर भारत की नींव तभी मज़बूत होगी जब हम स्थानीय उत्पादों का समर्थन करेंगे।
उन्होंने लोगों से अपील की कि वे केवल भारत में बने उत्पादों को ही ख़रीदें और बेचें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि **स्वच्छ भारत मिशन अब** एक जन आंदोलन बन गया है। इस वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण में साढ़े चार हजार से ज्यादा शहर और कस्बे जुड़े हैं।

---------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का "मन की बात कार्यक्रम" सुना।अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि "मन की बात कार्यक्रम" ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक होता है। उन्होंने कहा कि 'इस कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रतिभावान लोगों , हमारी संस्कृति और महान व्यक्तियों के व्यक्तित्व से देश के लोगों को अवगत कराते हैं। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को प्रेरणा मिलती है और देश भी आगे बढ़ता है।

कार्यक्रम सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने **एक पेड़ मां के नाम अभियान** के तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय पंच कमल के प्रांगण में रूद्राक्ष का पौधा भी लगाया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

-------------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार द्वारा ली गई सामान्य पात्रता परीक्षा-सीईटी  आज सम्पन्न हो गई। परीक्षा का आयोजन कल और आज चार सत्र में किया गया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सीईटी को सम्पन्न करवाने के लिए हरियाणा के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने टीम  के रूप में काम किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने ऐसी व्यवस्थाएं की  जिससे अभ्यर्थियों को कोई दिक्कत न आए और वे खुशनुमा माहौल में परीक्षा दें।परीक्षार्थियों को सरकारी वाहनों में परीक्षा केंद्रों और वापिस उनके घरों तक पहुंचाया गया ताकि वे बिना विलंब परीक्षा केंद्रों तक पहुँच सकें।

--------------

हरियाणा में तीज महोत्सव कल पूरे पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा। रंग-बिरंगे झूले, लोकगीत और पारंपरिक पकवान इस पर्व की रौनक बढ़ाएंगे।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि  राज्य स्तरीय मुख्य समारोह अंबाला में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।